प्रादेशिक समाचार
16.03.2024 (दोपहर—1455 बजे)

निर्वाचन आयोग अब से कुछ देर बाद लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा करेगा। आयोग कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव की तारीख़ों की भी घोषणा कर सकता है। इस घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी। मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को समाप्त हो रहा है। इसे लेकर राजधानी रांची में राजनीति के दलों द्वारा लगाए गए बैनर—पोस्टर हटाने का काम शुरू हो गया है।

****

भारतीय जनता पार्टी ने आज लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए एक वीडियो गीत – मैं मोदी का परिवार हूं– जारी किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में इसका वीडियो साझा किया है, जिसमें दिखाया गया है कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ किसानों से लेकर गरीब परिवारों तक को मिला है।

****

जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने देश के स्वतंत्रता संग्राम में शामिल जनजातीय वीरों पर गहन अध्ययन और अनुसंधान की अपील की है। आज नई दिल्ली में भारतीय आदिम जाति सेवक संघ में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि मुगल काल से लेकर ब्रिटिश राज तक, देश के स्वतंत्रता संघर्ष में जनजातीय शूरवीरों की भागीदारी का एक लंबा इतिहास रहा है। श्री मुंडा ने कहा कि जनजातीय संस्कृति, परंपरा और इतिहास के संरक्षण और प्रसार की जरूरत हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान में नवस्थापित ई—लाइब्रेरी और संग्रहालय, ज्ञान के केंद्र बनेंगे।

****

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने पश्चिमी सिंहभूम जिले के बंदगांव और हाटगम्हरिया में डिग्री कॉलेजों की आज आधारशिला रखी। मुख्यमंत्री ने चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान में आयोजित समारोह में लगभग दो अरब इकतीस करोड़ रुपए की एक सौ पैंतीस योजनाओं का शिलान्यास और एक अरब सात करोड़ रुपये की सताइस योजनाओं का उद्घाटन किया और लाभुकों के बीच करीब एक अरब तिहतर करोड़ रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया।

****

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की अध्यक्षता में आज हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में कुल 53 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई, जिसमें कक्षा एक से आठ तक के छात्रों को स्कूल बैग देने, झारखंड शिक्षक पात्रता नियमावली 2024 का गठन सहित अन्य प्रस्ताव शामिल हैं।

****

नवनीत कुमार सहगल प्रसार भारती के नये अध्यक्ष बन गए हैं। श्री सहगल भारतीय प्रशासनिक सेवा के उत्तर प्रदेश संवर्ग के 1988 बैच के सेवानिवृत अधिकारी हैं। वे प्रसार भारती के पूर्व अध्यक्ष ए. सूर्यप्रकाश का स्थान लेंगे जिनका कार्यकाल 2020 में समाप्त हो गया था। श्री सहगल ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद मीडिया से कहा कि दूरदर्शन और आकाशवाणी की पहुंच दूरदराज़ के क्षेत्रों तक है और ये सूचना के भरोसेमंद स्रोत हैं।

****

दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान—एम्स में, पहली बार दो गुर्दों का सफल प्रत्यारोपण किया गया है। इसके लिए दोनों गुर्दे 78 वर्ष की एक महिला ने दिए जिसे सिर की गंभीर चोट के साथ एम्स में भर्ती किया गया था। महिला को मृत घोषित करने के बाद उनके परिवार ने अंगदान पर सहमति व्यक्त की थी।

****

लोहरदगा जिला में आदिवासी संस्कृति के संरक्षण के लिए कई कार्य किये जा रहे है।

****

झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 कल राज्य़भर के साथ ही धनबाद में भी आयोजित की जायेगी। धनबाद के 65 परीक्षा केंद्रों पर तैयारी पूरी कर ली गई है। अनुमंडल दंडाधिकारी उदय रजक ने बताया कि सभी केंद्रों के 100 मीटर परिक्षेत्र में निषेधाज्ञा लगा दी गई है।

****

देवघर के जसीडीह थाना क्षेत्र में कोठिया मोड़ के पास आज एक ट्रक ने साइकिल सवार छात्र को धक्का मार दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना से गुस्साये लोगों ने ट्रक में आग लगा दी जबकि ट्रक ड्राइवर भाग निकला।

*********समाप्त********